भारत की माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु का भारतीय रेलवे की विभिन्न सेवाओं के प्रोबेशनर्स द्वारा मुलाक़ात के अवसर पर संबोधन।

राष्ट्रपति भवन : 15.09.2023

मैं, आप सभी का राष्ट्रपति भवन में स्वागत करती हूं। कल ही मैं, इसी सभागार में आपके वरिष्ठ बैच के युवा और प्रतिभाशाली अधिकारियों से मिली थी

जब मैं आप जैसे युवा अधिकारियों को देखती हूं जो अपनी आंखों में देश और लोगों के सपने सँजोए हैं तो मुझे बहुत खुशी होती है। मैं, भारतीय रेलवे की विभिन्न प्रशासनिक, लेखा, सुरक्षा और इंजीनियरिंग सेवाओं में आपके चयन के लिए आप सबको बधाई देती हूं। मुझे विश्वास है कि आप सब देश और देशवासियों की सेवा में अपना पूरा योगदान देंगे।

मैं, पिछले दो दिनों से आपके प्रशिक्षण अनुभवों को सुन रही हूं और आप सब को जिम्मेदार अधिकारी के रूप में तैयार करने के लिए उन्हें बेहद उपयोगी पाया है। जैसा कि आप सभी जानते हैं कि आज तेज गति और बड़े पैमाने पर तकनीकी परिवर्तन हो रहे हैं, मैं उम्मीद करती हूं कि आप सामूहिक रूप से काम करेंगे और भारतीय रेलवे को भविष्य के लिए मुस्तैद संगठन बनाएंगे।

प्यारे अधिकारियों,

किसी भी वाणिज्यिक संगठन के मुक़ाबले भारतीय रेलवे देश की सामाजिक जीवन रेखा है। मैं फिर से कहूंगी कि यह आम लोगों के सपनों को साकार करती है। साथ ही, इसकी राष्ट्रव्यापी कनेक्टिविटी देश की विविधता को दर्शाती है

मुझे यह जानकर खुशी हुई कि भारतीय रेलवे में देश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए बड़ी पहल की जा रही है। लक्जरी ट्रेनों से लेकर तीर्थ दर्शन ट्रेनों और भारत गौरव ट्रेनों तक, भारतीय रेल द्वारा लोगों को यादगार अनुभव प्रदान करने और भारतीयों और विदेशियों को भारतीय संस्कृति की विविधता दिखाने के लिए अपनी सेवाओं में वृद्धि की जा रही है।

मैं, बताना चाहूंगी कि ट्रेन और ट्रेन की यात्राएं हमेशा से लोगों के जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा रही हैं। लोकल ट्रेनों से लेकर लंबी दूरी की ट्रेनों तक, हर ट्रेन यात्रा से अनगिनत कहानियाँ बनती हैं और यात्रा अनेक कहानियों की साक्षी बनती हैं। सार्वजनिक जीवन पर गहरा प्रभाव डालने वाले ऐसे प्रतिष्ठान का एक बहुत ही महत्वपूर्ण हिस्सा होने के नाते, आप सबको यह समझना होगा कि देश और लोगों को आपसे बहुत उम्मीदें हैं। आप सब दुनिया के सबसे ऊंचे

और लंबे पुलों के निर्माण से लेकर यात्रियों के लिए स्वच्छ और स्वादिष्ट भोजन और स्वच्छ शौचालय सुनिश्चित करने जैसी विविध चुनौतियों से निपटने में सक्षम हैं।

प्यारे युवा अधिकारियों,

हम भाप से चलने वाले इंजनों के युग से बहुत आगे निकल आए हैं। भारतीय रेलवे में दिन-प्रतिदिन अधिक ईंधन का कुशलता से उपयोग किया जा रहा है और नवीन और पर्यावरण अनुकूल समाधान भी अपनाए जा रहे हैं। रेलवे बुनियादी ढांचे का विकास देश की सामाजिक-आर्थिक बढ़ोतरी और विकास को बहुत बढ़ावा देता है। हरित प्रौद्योगिकी का उपयोग करके और विश्व स्तरीय सुविधाओं को जोड़कर 'अमृत भारत स्टेशन योजना' के तहत रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास एक महान जन-केंद्रित पहल है जिससे पर्यटन गतिविधियों और आर्थिक प्रगति को काफी बढ़ावा मिलेगा। मुझे विश्वास है कि आज यहां उपस्थित सभी प्रतिभाशाली युवा अधिकारी एक आधुनिक हरित भारतीय रेलवे के निर्माण और एक विकसित राष्ट्र के निर्माण में उपयोगी भूमिका निभाएंगे।

आप सभी देश की सुदृढ़ परिवहन व्यवस्था की नींव बनने जा रहे हैं। इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि आप समग्र रूप से परिवहन पारिस्थितिकी तंत्र में आवश्यक कौशल, ज्ञान और विशेषज्ञता हासिल करें। आपको देश के भीतर और अन्य देशों की सर्वोत्तम प्रथाओं का भी अध्ययन करना चाहिए और उन्हें अपनाना चाहिए। देश को कुशल मल्टी-मॉडल परिवहन प्रणाली की आवश्यकता है जिसके लिए रेल, सड़क, वायु और जल परिवहन को एक साथ लेकर चलना चाहिए, न की अलग-अलग। मैं आप सभी से आग्रह करती हूं कि आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ समन्वय में काम करें।

मैं, इस बात पर भी जोर देना चाहूंगी कि आपको व्यक्तिगत और पेशेवर लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए सभी बाधाओं के बावजूद कुशलतापूर्वक और लगातार कार्य करना है। यदि आप जीवन में सफल होना चाहते हैं, तो चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों का सामना करने के लिए तैयार रहें। जब आप व्यक्ति के तौर पर, या किसी समूह या संगठन का हिस्सा के साथ मिलकर चुनौतियों का सामना करते हैं और उनसे निपटते हैं, तो आप पहले से कहीं अधिक मजबूत बनते हैं।

अंत में, मैं आपके भविष्य में सफलता की शुभकामनाएं देती हूँ आशा है की आप देश का नाम ऊंचा करेंगे।

धन्यवाद!

जय हिन्द!

जय भारत!